दिन–रविवार दिनांक– 21 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के सर्मथन में चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को पाँच संसदीय क्षेत्र किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका में मतदान होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और गृहमंत्री अमित शाह ने आज कटिहार के राजेन्द्र स्टेडियम में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। श्री शाह ने आरोप लगया की राष्ट्रीय जनता दल राज्य को फिर से लालटेन युग में ले जाना चाहता है। उन्होंने कहा कि राजद कभी प्रदेश का विकास नहीं कर सकता है। श्री शाह ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए ने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए काम किए हैं। और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा भी प्रदान किया है।

———————————————————————————

जनसभा को जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी संबोधित किया। इधर, मुख्यमंत्री श्री कुमार पूर्णियां लोकसभा क्षेत्र के नरहिया में पेठिया बाजार से फलका बाजार तक रोड शो करेंगे। वहीं, महागठबंधन की ओर से कांग्रेस, राजद और विकासशील इंसान पार्टी के स्टार प्रचारक गठबंधन के उम्मीदवारों के सर्मथन में चुनावी सभाएं कर रहें हैं।

———————————————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेता और खगड़िया के सांसद चौधरी महबूब अली कैसर आज राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हो गयें। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने उन्हें पटना में पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में सदस्यता दिलायी। पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जाँच का काम पूरा हो गया है। इस चरण में पांच लोकसभा क्षेत्रों में सात मई को वोट डाले जाएगें। तीसरे चरण में कल तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकते है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया संसदीय क्षेत्र में बयालीस नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए है। सबसे अधिक अररिया में बीस नामांकन पत्र रद्द किये गये हैं। वहीं, झंझारपुर और मधेपुरा में सात–सात, सुपौल में पाँच तथा खगड़िया में तीन नामांकन पत्र रद्द किये गये हैं। इन सीटों पर कुल चौवन उम्मीदवारों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि संघर्ष के मौजूदा दौर में विश्व समुदाय शांति के लिए भारत की ओर देख रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि नए भारत की नई भूमिका का श्रेय देश की बढती क्षमताओं और विदेशी नीति को जाता है। उन्होने कहा कि भगवान महावीर के प्रति युवा पीढी के समर्पण और आकर्षण से यह विश्वास पैदा होता है कि देश सही दिशा में बढ रहा है। उन्होंने कहा कि एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देश संघर्षरत और युद्धरत हैं, भारत के तीर्थंकरों की शिक्षाएं और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं।

———————————————————————————————

इधर, भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड स्थित कुण्डलपुर में जैन श्रद्धालुओं ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इस अवसर पर भगवान महावीर का दूध और चंदन से मस्तकाअभिषेक किया गया।

———————————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भाग भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा, जमुई और बांका जिले में लू की स्थिति बनी रही। शेखपुरा राज्य के सबसे गर्म स्थान रहा, जहाँ का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गया, डेहरी, मधुबनी और पटना में अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री के आस–पास रिकॉर्ड किया गया। विभाग ने पूर्वानुमान मे बताया कि अगले चौबीस घंटो के दौरान बांका, शेखपुरा और जमुई जिलों में भीषण लू की संभावना है। इसे लेकर औरेंज अर्लट जारी किया गया

है। भागलपुर, सुपौल, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, बक्सर, भोजपुर, नालंदा, पटना समेत राज्य के अन्य भागों में भी उष्ण दिवस की चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————————

आज सिविल सेवा दिवस मनाया जा रहा है। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस में सिविल सेवा के अधिकारियों के पहले बैच को संबोधित किया था। इस उपलक्ष्य में यह दिवस मनाया जाता है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।